प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

'कॉलोसियम 2024' का भव्य शुभारंभ

पन्तनगर। 25 मई, 2024। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में तीन–दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी उत्सव 'कॉलोसियम 2024' का शुभारंभ हुआ। इस प्रतिष्ठित समारोह का उद्घाटन 114 बीएन हॉल में किया गया, जहां प्रमुख शिक्षाविद और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर एवं अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान डा. एस.पी. सिंह, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, निदेशक विधि डा. टी.पी. सिंह एवं अपर निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण डा. विवेकानंद की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। अधिष्ठात्री डा. अलकनंदा अशोक ने सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में स्टाफ काउंसलर डा. नीरज बिष्ट के साथ विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर कुलपति ने ईटीएस के एडिटोरियल बोर्ड के वार्षिक पत्रिका का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में डा. आलकनंदा अशोक ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया और आयोजन समिति, इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी सोसाइटी के अथक प्रयासों की सराहना की। कुलपति ने भी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की प्रशंसा की और सुझाव दिया कि अधिक कार्यक्रमों के नाम हिंदी या संस्कृत में रखें जाएं, जिससे हमारी सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा मिले। उन्होंने टीम को शुभकामनाएं भी दीं। उद्घाटन समारोह के बाद पंतनगर के इतिहास और संस्कृति पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अधिष्ठाता, प्राध्यापक एवं छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात अधिष्ठाता और स्टाफ काउंसलर ने कुलपति, अधिष्ठाता छात्र कल्याण और अतिथियों को विभिन्न विभागों में आयोजित कार्यक्रमों का दौरा कराया। उन्होंने रोबोटिक्स क्लब द्वारा निर्मित बॉट और वर्चुअल वेलोसिटी का प्रदर्शन देखा, जहां बॉट को अरेना में चलते हुए देखा गया। इसके बाद, मैकेनिकल विभाग के कक्ष पी213 में ऑटोमोबाइल पहचान क्विज का आयोजन देखा गया, जिसमें छात्रों ने कुलपति और अधिष्ठाता को ऑटोमोबाइल के विभिन्न हिस्सों की विस्तार से जानकारी दी। वर्कशॉप क्षेत्र में छात्रों को स्क्रैप से नवीन मॉडल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही 'पेंट वॉल' जैसे मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित हुए, जहां छात्रों ने दीवारों पर अपनी कलाकारी दिखाई। इस अवसर पर विभिन्न तकनीकी विभागों में कार्यक्रम चलते रहे, जिनमें कंप्यूटर, आईटी, इलेक्ट्रिकल, सिविल, एग्रीकल्चर, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन के छात्र शामिल थे। खेल ब्यूरो ने अपना खेल से संबंधित इवेंट आयोजित किया और एल्युमनी सेल द्वारा 'नेशंस' विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन 'डेसिबल : द बैंडवार' नामक रात्रि कार्यक्रम से हुआ, जिसमें अधिष्ठाता, निदेशक और छात्रों की उपस्थिति में विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के बैंड ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्सव का समापन 26 मई 2024 को कलाकार गजेन्द्र वर्मा के साथ 'आर्टिस्ट नाइट' कार्यक्रम में होगा।

कॉलोसियम का उद्घाटन करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

कॉलोसियम के दौरान ईटीएस द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार